Dr. U.S. Awasthi
Managing Director

IFFCO

1 जनवरी, 2010

नव वर्ष मंगलमय हो

नव वर्ष के आगमन पर मैं आपको और आपके परिवार को हार्दिक बधाई देता हूं। मेरी कामना है कि वर्ष 2010 आपके लिए और आपके परिवार के लिए ढेर सारी खुशियां लाए और शांतिपूर्ण तथा समृद्धिदायक वर्ष सिद्ध हो।

परमपिता परमात्मा की कृपा से और आप सबके प्रयासों से वर्ष 2009 हमारे लिए एक उपलब्धियों से भरा-पूरा वर्ष सिद्ध हुआ । वर्ष 2009 के दौरान हमने उत्पादन, परिवहन, उर्वरकों की बिक्री तथा किसानों की सेवा के सभी मोर्चों पर शानदार रिकार्ड बनाए । समिति ने इस वर्ष लगभग 62 लाख टन उर्वरकों का उत्पादन किया और अप्रैल-दिसम्बर 2009 के दौरान 88 लाख टन से अधिक उर्वरकों की बिक्री की । हमारे सभी संयंत्रों ने इस वर्ष के दौरान बहुत ही शानदार कार्य किया जिसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं । वर्ष 2009 के दौरान संयुक्त उद्यम के रूप में जोर्डन इंडिया फर्टिलाइजर कंपनी(जिफको) के फास्फोरिक एसिड संयंत्र की आधारशिला इशिदिया, जोर्डन में जोर्डन के महामहिम किंग अब्दुल्ला-।। द्वारा रखी गई।

मैं गर्व के साथ कहना चाहूंगा कि हमारी उपलब्धियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहा गया है। हम सब के लिए यह गर्व की बात है कि इफको को सहकारी क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त हुआ और हमारे अध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र कुमार जाखड़ दूसरी बार इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) के निदेशक मंडल(ग्लोबल) के लिए चुने गए । सभी मोर्चों पर उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन की अपनी पंरपरा को कायम रखने के फलस्वरूप आपकी समिति को विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाज़ा गया । भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटील ने हमारे आंवला संयंत्र को वर्ष 2009 का "टेरी कारपोरेट एन्वायरनमेंट पुरस्कार" प्रदान किया। इसी संयंत्र को वर्ष 2008-09 के लिए एफएआई द्वारा नाईट्रोजन(अमोनिया तथा यूरिया) उर्वरक इकाई के "सर्वश्रेष्ठ समग्र कार्यनिष्पादन" के लिए भी पुरस्कृत किया गया । हमारी पारादीप इकाई को 2008-09 के लिए "सर्वश्रेष्ठ तकनीकी नवोन्वेषण" एवं "सर्वश्रेष्ठ समग्र कार्यनिष्पादन" के साथ-साथ राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया । इफको को कई अन्य पुरस्कार प्राप्त हुए जो श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के प्रति हमारे संपूर्ण समर्पण का सच्चा प्रमाण है । मुझे पूरा विश्वास है कि आप सबके निरंतर सहयोग से इफको उर्वरक क्षेत्र में सदैव अग्रणी स्थान पर बनी रहेगी । आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन की भयावह समस्या से जूझ रहा है। किसानों की संस्था होने के नाते, इस दिशा में हमारी चिंता भी बराबर बनी हुई है और हम ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए और भावी पीढ़ियों के लिए धरती मां की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ।

मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हाल ही में हमारे संयुक्त उद्यम ओमइफको को ओमान की सल्तनत ने सर्वश्रेष्ठ फैक्टरी के रूप में चुना है । मैं ओमइफको के सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूं। मैं इफको-टोक्यो जनरल इंशोरेंस कंपनी लिमिटेड, इफको किसान संचार लिमिटेड, इफको-छत्तीसगढ़ पावर लिमिटेड, इफको किसान एसईजैड, किसान इंटरनेशनल ट्रेडिंग एफजैडई, जिफको, लीजैंड इंटरनेशनल होल्डिंग,आईपीएल, एनसीडैक्स, एनसीएमएसएल, कोरडेट, इफको फाउंडेशन एवं आईएफएफडीसी जैसे अपने सभी संयुक्त उद्यम/एसोसिएट्स , जो बहुत ही सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, को भी बधाई देता हूं । आईसीएस सिनेगल के कार्यनिष्पादन में भी सुधार आरंभ हो गया है और वर्ष 2008 के मुकाबले 2009 में हमने 55 प्रतिशत से अधिक उत्पादन किया ।

ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि वे आपको और आपके परिवार को वर्ष 2010 के दौरान स्वस्थ रखें और यह वर्ष आपके लिए सुख-समृद्धि लाने वाला हो ।

(उदय शंकर अवस्थी)

इफको के समस्त अधिकारी/कर्मचारी/
इफको के सभी संयक्त उद्यम/एसोसिएटस